Daily Current Affairs 09 August 2022

दैनिक समसामयिकी (Current Affairs) के मुद्दों की महत्त्वपूर्ण जानकारी आज के इस लेख द्वारा उपलब्ध कराई गई है, जो सभी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में उपयोगी है और हम रोज आपको ऐसे ही gk today current affairs in hindi मैं रोज provide करवाएंगे,और आप Current Affairs In Hindi PDF प्राप्त कर सकतें हो।

1. 7 अगस्त को मनाया गया राष्ट्रीय भाला फेंक दिवस
• प्रतिवर्ष 07 अगस्त को देश में राष्ट्रीय भाला फेंक दिवस (National Javelin Day) मनाया जाता है। एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (AFI) द्वारा 7 अगस्त, 2022 को दूसरा 'भाला फेंक दिवस' मनाया गया है।
• टोक्यो ओलंपिक में भाला फेंक प्रतियोगिता में भारत को गोल्ड मेडल दिलाने वाले एथलीट नीरज चोपड़ा के सम्मान में यह दिवस मनाया जाता है। जैवलिन थ्रो के चैंपियन और ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता नीरज चोपड़ा के गांव खंडरा में ही जैवलिन थ्रो दिवस मनाने की पहल की गई थी। युवाओं को जैवलिन थ्रो खेल के प्रति प्रोत्साहित करने के लिए यह दिवस मनाया गया।

2. नल्लाथम्बी कलाइसेल्वी बनीं वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान परिषद् (CSIR) की पहली महिला महानिदेशक
• अगस्त, 2022 में सीनियर साइंटिस्ट नल्लाथम्बी कलाइसेल्वी वैज्ञानिक व औद्योगिक अनुसंधान परिषद् (CSIR) की पहली महिला महानिदेशक नियुक्त किया गया हैं। उनकी नियुक्ति दो साल के लिए है। कलाइसेल्वी शेखर मांडे का स्थान लेंगी, जो अप्रैल, 2022 में सेवानिवृत्त हो गए।
• मांडे के सेवानिवृत्त होने के बाद जैवप्रौद्योगिकी विभाग के सचिव राजेश गोखले को CSIR का अतिरिक्त प्रभार दिया गया था। लिथियम आयन बैटरी के क्षेत्र में अपने काम से पहचान पाने वाली कलाइसेल्वी अभी तमिलनाडु के करईकुडी में CSIR-केंद्रीय विद्युत रासायनिक अनुसंधान संस्थान (CECRI) की निदेशक हैं।

3. भारत ने अंडर-20 सैफ फुटबॉल चैंपियनशिप 2022 का खिताब जीता
• 25 जुलाई से 05 अगस्त, 2022 तक अंडर-20 सैफ फुटबॉल चैंपियनशिप 2022 का आयोजन भारत में किया गया है। इसका आयोजन South Asian Football Federation (SAFF) द्वारा किया गया। इस साल इसका चौथ संस्करण है। भुवनेश्वर के कलिंगा स्टेडियम में खेले गये फाइनल में भारत ने बांग्लादेश को 5-2 से हराया। भारत ने लगातार दूसरी बार प्रतियोगिता का खिताब जीता है। गुरकीरत सिंह ने चार, जबकि हिमांशु झांगरा ने एक गोल किया।

4. दलाई लामा को लद्दाख के सर्वोच्च नागरिक सम्मान से नवाजा गया
• अगस्त, 2022 में तिब्बती आध्यात्मिक गुरु दलाई लामा को लद्दाख के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'डीपाल आरएनजीम डस्टन' (dPal rNgam Duston) पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार मानवता के लिए विशेष रूप से केंद्र शासित प्रदेश में उनके द्वारा किये गए अपार योगदान के लिए दिया गया है।

5. उत्तराखंड सरकार प्रत्येक जिले में एक संस्कृत भाषी गाँव करेगी विकसित

Daily Current Affairs 09 August 2022

• हाल ही में उत्तराखंड सरकार ने प्रदेश के सभी 13 जिलों में एक-एक 'संस्कृत- ग्राम' विकसित करने घोषणा की है। हर जिले में एक ऐसा गाँव होगा जहाँ के लोग संस्कृत भाषा में ही बातचीत किया करेंगे।
• उत्तराखंड के शिक्षा मंत्री धनसिंह रावत ने कहा कि इन गाँवों के निवासियों को प्राचीन भारतीय भाषा को दैनिक बोलचाल में इस्तेमाल करने का प्रशिक्षण विशेषज्ञों द्वारा दिया जाएगा। आपको बता दे कि संस्कृत उत्तराखंड प्रदेश की दूसरी आधिकारिक भाषा है।

6. भारतीय मूल की आर्या वालवेकर ने जीता Miss India USA 2022 का खिताब
• वर्जीनिया की भारतीय अमेरिकी आर्या वालवेकर ने 'मिस इंडिया यूएसए 2022' का खिताब जीता है। 18 वर्षीय आर्या को न्यू जर्सी में आयोजित वार्षिक प्रतियोगिता में 'मिस इंडिया यूएसए 2022' का ताज पहनाया गया। यूनिवर्सिटी ऑफ वर्जीनिया की छात्र सौम्या शर्मा दूसरे और न्यूजर्सी की संजना चेकुरी तीसरे स्थान पर रहीं।

7. रानीखेत में भारत के पहले हिमालयी मसाला उद्यान का किया गया उद्घाटन
• 04 अगस्त, 2022 को भारत के पहले हिमालयी मसाला उद्यान का उद्घाटन उत्तराखंड में अल्मोडा जिले के रानीखेत स्थित सोनी में विख्यात इतिहासकार शेखर पाठक द्वारा किया गया है। इस उद्यान में कश्मीरी केसर से लेकर उत्तराखंड के उत्तरकाशी जिले की भैरोंघाटी में पाई जाने वाला प्रसिद्ध तेजपात, तिमूर और वन हींग जैसे प्रमुख हिमालयी मसाले की प्रजातियां मौजूद हैं।
• रानीखेत में करीब चार एकड़ भूमि पर यह उद्यान जापान इंटरनेशनल कोऑपरेशन एजेंसी (जायका) के वित्तीय सहयोग से दो साल में स्थापित किया गया।

8. इजरायल के वैज्ञानिकों ने दुनिया का पहला कृत्रिम भ्रूण किया विकसित
• हाल ही में इजरायल में वीज़मैन इंस्टीट्यूट के वैज्ञानिकों ने बिना किसी निषेचित अंडे या किसी शुक्राणु की मदद से दुनिया का पहला कृत्रिम भ्रूण विकसित किया है। मेडिकल साइंस जर्नल में प्रकाशित शोध में टीम ने चूहे के स्टेम सेल से भ्रूण को विकसित किया है।
• यह वर्षों से प्रयोगशाला में एक खास तरह के बर्तन में रखा गया था। उन्होंने इसी बर्तन में मूल कोशिकाओं से ही पूर्ण भ्रूण को विकसित कर दिया। जिसका दिल भी धड़का और उसके मस्तिष्क ने भी पूरा आकार ले लिया। इसे गर्भ के बाहर ही स्टेम सेल्स (मूल कोशिका) को मिलाकर विकसित किया गया है। कोशिका की मदद से ही संपूर्ण जीव को बनाया गया।

9. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नीति आयोग की शासी परिषद् की बैठक की अध्यक्षता की
• 07 अगस्त, 2022 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राष्ट्रपति भवन सांस्कृतिक केन्द्र में नीति आयोग की शासी परिषद् की सातवीं बैठक की अध्यक्षता की है। प्रधानमंत्री ने सभी राज्यों से सहकारी संघवाद की भावना के अनुरूप सामूहिक प्रयास करने का आह्वान किया, जिससे भारत को कोविड महामारी से उभरने में मदद मिल सके।

10. राष्ट्रमंडल खेल 2022 में भारत ने 22 स्वर्ण सहित 61 पदक जीतकर पदक तालिका में रहा चौथे स्थान पर
• 08 अगस्त, 2022 को बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेल 2022 का समापन हो गया है।
• राष्ट्रमंडल खेल 2022आयोजन तिथि- 28 जुलाई से 8 अगस्त, 2022 तक
• मेजबान शहर- बर्मिंघम, इंग्लैंडसंस्करण- 22

Daily Current Affairs 09 August 2022

- वाँशुंभकर- पेरी द बुल
- आदर्श वाक्य- गेम फॉर ऑल